संसदीय कार्य मंत्री ने जोधपुर के पूनियों की प्याऊ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

सिरोही, 2 अप्रैल (का.सं.)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने बुधवार को प्राथमिक जोधपुर जिले के स्वास्थ्य केन्द्र पूनियों की प्याऊ का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जनरल ओपीडी, इंजेक्शन एवं ड्रेसिंग कक्ष, लेबोरेटरी कक्ष, लेबर वार्ड,टीकाकरण कक्ष,पंजीकरण रजिस्टर एवं दवाओं के स्टॉक का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

3500 करोड़ रुपये के 'मा कोष' का होगा गठन

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत आमजन की निःशुल्क जाँच एवं दवा के लिए 3500 करोड़ रुपये के 'मा कोष' का गठन किया जाएगा।

केरू में बनेगा ट्रॉमा सेंटर

श्री पटेल ने कहा क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक सौगातें मिली हैं जिसमें केरू में ट्रॉमा सेंटर क्षेत्रवासियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं।

संसदीय कार्य मंत्री ने अभियान चलाकर अस्पताल परिसर एवं सभी वार्डस में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्मिकों को निर्देश दिए कि अस्पताल में समय पर उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराएं। श्री पटेल ने रजिस्ट्रेशन काउंटर,आवश्यक सामग्री एवं शुद्ध पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो,चिकित्सक इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने अस्पताल के वार्डों के अवलोकन के दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर राज्य सरकार द्वारा मिल रही निःशुल्क दवा, निःशुल्क जांच सहित अन्य सुविधाओं का फीडबैक लिया।

लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को कुलगुरु ने गद्दी पर बैठाया

मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच रस्म निभाई, शाम को एकलिंगजी मंदिर जाएंगे

उदयपुर, 2 अप्रैल (का.सं.)। मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को कुलगुरु डॉ. वागीश कुमार गोस्वामी ने बुधवार को गद्दी पर बैठाया। मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच यह रस्म निभाई गई। इसके बाद लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपने कुलगुरु समेत तमाम संत-महात्माओं का आशीर्वाद लिया। गद्दी की पूजा-अर्चना कर विराजमान होने के बाद लक्ष्यराज सिंह ने श्रीएकलिंग नाथजी की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद धूणी दर्शन किए। अश्व पूजन भी किया। शाम को एकलिंगजी मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। भगवान जगदीश मंदिर में दर्शन के बाद यह रस्म पूरी होगी।

सिटी पैलेस में अश्व पूजन की परंपरा निभाई

सिटी पैलेस के शंभू निवास में दोपहर करीब 3 बजे लक्ष्यराज सिंह बेटे हरिराज के साथ अश्व पूजन किया। पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन करवाया। मेवाड़ में राजतिलक या फिर गद्दी पर विराजने की रस्म के साथ ही अश्व पूजन की परंपरा भी दशकों से निभाई जा रही है।

इसके पीछे मान्यता है कि अश्व को स्वामी भक्ति का प्रतीक माना जाता है। युद्ध के समय अश्व भी अपने राजा को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक था, जिसने हल्दीघाटी युद्ध में घायल होकर भी महाराणा प्रताप को युद्ध भूमि से सुरक्षित बाहर निकाला था। इसलिए मेवाड़ का पूर्व राजपरिवार विशेषकर राजतिलक या गद्दी विराजने के अलावा विशेष त्योहारों पर भी अश्व पूजन करता है।

गांव-गांव, घर-घर जोड़ो सनातन अभियान चलेगा: धीरेंद्र शास्त्री

छतरपुर, 02 अप्रैल (वेब वार्ता)। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ऐलान किया है कि सनातनियों को एकजुट करने के लिए गांव-गांव, घर-घर जोड़ो सनातन अभियान चलाया जाएगा।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर गांव-गांव, घर-घर जोड़ो सनातन अभियान शुरू करने का ऐलान करते हुए कहा कि इसी माह एक नई मुहिम शुरू करने जा रहे हैं। इसका नाम है 'गांव-गांव घर-घर जोड़ो सनातन अभियान'। इस अभियान के तहत गांव-गांव, घर-घर, नुक्कड़, गली-गली में बागेश्वर धाम के प्रकल्प को पहुंचाएंगे। हिंदू राष्ट्र के सपनों को साकार करने के लिए घर-घर से कट्टर हिंदुओं को बाहर लाया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि दुनिया को आप बदलना चाहते हैं, तो पहले देश को बदलें; देश को बदलना चाहते हैं, तो पहले जिलों को बदलें। इसी तरह समाज, घर और व्यक्ति को बदलना होगा। इसके साथ ही भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है, तो पहले हिंदू राज्य बनाना होंगे, हिंदू जिले और गांव बनाने होंगे, और हिंदू गांव, घर और कट्टर हिंदू बनाने होंगे। इसी के लिए एक प्रकल्प सुंदरकांड मंडल बागेश्वर धाम बनाया गया है। यह प्रकल्प इसी माह अप्रैल से शुरू होने वाला है।

झोंगरेश्वर खवीजीं बावसी मंदिर में उमड़ी भीड़

मेले में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और गौ रक्षा का संकल्प लिया

सिरोही, 2 अप्रैल (का.सं.)। गोयली कस्बे के पास स्थित झोंगरा राठौड़ कृषि फार्म पर झोंगरेश्वर खवीजीं बावसी मंदिर में चैत्र शुक्ल पंचमी का वार्षिक मेला आयोजित किया गया। मेले में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और भोजन प्रसादी ग्रहण की।

मेले में खिलौनों और विभिन्न सामानों की दुकानें लगाई गईं। दूर-दूर से आए खरीदारों ने इन दुकानों से सामान खरीदा। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला और चरखी की व्यवस्था की गई। भजन कीर्तन कार्यक्रम में गांव उड़ निवासी प्रवीण माली और उनकी टीम ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य किया। इस अवसर पर सभी धर्म प्रेमियों ने गौ रक्षा और गायों के लिए चारा-पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया।

वित्त वर्ष 2025 में 4,515 बच्चों को लिया गया गोद, ये 12 वर्षों में सबसे अधिकः केंद्र

नई दिल्ली, 02 अप्रैल (वेब वार्ता)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, भारत में वित्त वर्ष 2024-25 में बच्चों को गोद लेने की संख्या रिकॉर्ड 4,515 रही, जो पिछले 12 वर्षों में सबसे अधिक है।

इनमें से 4,155 बच्चों को घरेलू स्तर पर गोद लिया गया, जो देश में बच्चों को कानूनी तौर पर गोद लिए जाने के प्रति बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) द्वारा एक मजबूत पहचान अभियान ने 8,598 नए चिन्हित बच्चों को गोद लेने से संबंधित पूल में शामिल किया, जिससे और ज्यादा जरूरतमंद बच्चों को प्यार करने वाले परिवारों का मिलना सुनिश्चित हुआ। इसके अतिरिक्त, गोद लेने की प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए राज्य सरकारों के साथ तालमेल कायम करते हुए गोद लेने से संबंधित 245 नई एजेंसियां स्थापित की गईं। इस प्रगति में पहचान प्रकोष्ठ का हस्तक्षेप तथा व्यापक प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान मुख्य कारक रहे। कारा ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गोद लेने की समयसीमा, सीडब्ल्यूसी सदस्यों का प्रशिक्षण, फॉस्टर केयर तथा बच्चों और भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) के लिए गोद लेने संबंधी परामर्शों सहित 45 वर्चुअल प्रशिक्षण सत्रों के साथ-साथ वास्तविक राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए। इसके अलावा, गोद लेने संबंधी जागरूकता अभियान के तहत, कारा ने अक्टूबर, 2024 से जनवरी, 2025 तक दत्तक माता-पिता के साथ बैठकें आयोजित करने के लिए 16 राज्यों के साथ भागीदारी की। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर की उपस्थिति में, नवंबर, 2024 में वार्षिक सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसमें फॉस्टर केयर और गोद लेने की वकालत पर ध्यान केंद्रित किया गया।

पूंजीगत व्यय के सवाल पर सीतारमण का स्पष्टीकरण अस्पष्ट और पेचीदा: चिदंबरम

नई दिल्ली, 02 अप्रैल (वेब वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूंजीगत व्यय पर उनके सवाल का अस्पस्ट और पेचीदा स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा कि आंकड़े निर्णायक रूप से यह साबित करते हैं कि 2024-25 के दौरान पूंजीगत व्यय में कटौती हुई है। चिदंबरम ने राज्यसभा में सीतारमण द्वारा दिए गए जवाब पर प्रतिक्रिया देते हुए मंगलवार देर शाम एक बयान में यह बात कही। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि सीतारमण ने एक साधारण प्रश्न का अस्पस्ट और पेचीदा स्पष्टीकरण दिया है कि 2024-25 के बजट में पूंजीगत व्यय के लिए बजट अनुमान क्या था और वर्ष के अंत में अनुमान क्या है।

चिदंबरम ने सवाल किया, कटौती की गई है और मैंने राज्यसभा में पूछा कि कटौती के क्या कारण हैं? वित्त मंत्री को कारण गिनाने चाहिए थे और यह लोगों को तय करना है कि कारण स्वीकार्य हैं या नहीं। लेकिन, इसके बजाए उन्होंने बजट अनुमान और संशोधित अनुमान की तुलना पर ही सवाल उठा दिया है। मुझे आश्चर्य है कि माननीय वित्त मंत्री ने बजट अनुमान और संशोधित अनुमान की तुलना को त्रुटिपूर्ण बताया है। अगर बजट अनुमान और संशोधित अनुमान तुलना के योग्य नहीं हैं, तो बजट दस्तावेजों में एक ही पृष्ठ पर दोनों संख्याओं को साथ-साथ क्यों सूचीबद्ध किया गया है?कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने पूछा कि वित्त मंत्री राजकोषीय घाटे के बजट अनुमान (बीई) को राजकोषीय घाटे के संशोधित अनुमान (आरई) के साथ क्यों सूचीबद्ध करती हैं? उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य दुनिया को यह दिखाना है कि सरकार ने

राजकोषीय घाटे के मूल अनुमान में सुधार किया है। चिदंबरम ने एक बयान में कहा, यही तर्क सभी अनुमानों पर लागू होता है। जहां तक 2024-25 में पूंजीगत व्यय का सवाल है, तो आंकड़े निर्णायक रूप से साबित करते हैं कि 2024-25 में इसमें कमी (कटौती) की गई थी। इससे पहले, पूंजीगत व्यय में कटौती किए जाने के विपक्ष के दावे को खारिज करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि इसमें कोई कमी नहीं की गई है, बल्कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह बढ़कर 11.21 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

वित्त मंत्री सीतारमण राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि 2024-25 में पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये था। वित्त मंत्री ने कहा, वास्तव में, इस वर्ष बजट मेंव्य यह बढ़कर 11.21 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसलिए, पूंजीगत व्यय में कोई कटौती नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज मुक्त विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को दिए जाने वाले ऋण में भी आनुपातिक वृद्धि हुई है। सीतारमण कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम के एक सवाल का जवाब दे रही थीं। चिदंबरम ने सवाल किया था कि वित्त वर्ष 2025 के लिए संशोधित बजट अनुमान में पूंजीगत व्यय को 11.11 लाख करोड़ रुपये से घटाकर 10,18,429 करोड़ रुपये कर दिया गया।

राजस्व ग्राम के रूप में अभिलेखीत किया जाएगा

सिरोही, 2 अप्रैल (का.सं.)। राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत सिरोही जिले की तहसील सिरोही, रेवदर, शिवगंज एवं पिंडवाडा के मूल राजस्व ग्राम से लगती हुई मजरे/ढाणी को एतद् पश्चात राजस्व ग्राम के रूप में माना जाकर अभिलेखीत किया जाएगा। इनका वर्तमान क्षेत्रफल मूल राजस्व ग्राम की देह में से कम होकर होगा।

जिला कलेक्टर भू अभिलेख अल्पा चौधरी ने बताया कि सिरोही तहसील में नवीन राजस्व ग्राम का नाम बोकी भागली (1621.1900 है.), रेवदर में ठेका मजरा (166.0018 है.), शिवगंज में राडबर भागली (879.7994 है.), पिंडवाडा में फुटेला (554.0533 है.) तथा खारा (312.4268 है.) है एवं रेवदर में कोचरिया खेडा (484.0275 है.) नवीन राजस्व ग्राम है।

वक्फ बिल राष्ट्रहित में, करोड़ों मुसलमान के साथ पूरा देश करेगा इसका समर्थन: किरेन रिजिजू

नई दिल्ली, 02 अप्रैल (वेब वार्ता)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री मंत्री किरेन रिजिजू ने आज लोकसभा में पेश किए जाने वाले वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक कदम करार देते हुए कहा कि यह विधेयक राष्ट्रहित में पेश किया जा रहा है और इसका समर्थन न केवल करोड़ों मुसलमानों द्वारा, बल्कि पूरे देश द्वारा किया जाएगा। रिजिजू ने इस विधेयक को गरीब मुसलमानों, महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण बताया। लोकसभा में विधेयक पेश करने से पहले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज ऐतिहासिक दिन है। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 देश के हित में लाया जा रहा है। हम राष्ट्र को लाभ पहुंचाने वाली हर पहल के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विधेयक बहुत सोच-समझकर और तैयारी के साथ पेश किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे राजनीतिक कारणों से ऐसा कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा, मैं सदन में तथ्य प्रस्तुत करूंगा। अगर कोई विरोध करता है, तो वह तर्क के आधार पर करे, हम उसका जवाब देने को तैयार हैं। किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ नेता, जिनमें धार्मिक नेता भी शामिल हैं, निर्दोष मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उदाहरण देते हुए कहा, इन्हीं लोगों ने कहा था कि सीएए मुसलमानों की नागरिकता छीन लेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि कई कांग्रेस नेता और विपक्षी दल निजी तौर पर इस विधेयक की जरूरत को स्वीकार करते हैं, लेकिन वोट बैंक की राजनीति के चलते इसका विरोध कर रहे हैं। रिजिजू ने यह भी कहा कि यह विधेयक मुस्लिम समुदाय के हित में है और इसे लेकर किसी भी तरह की गलतफहमी को दूर करने के लिए वह सदन में पूरी पारदर्शिता के साथ तथ्य रखेंगे। विधेयक पर चर्चा के दौरान सभी पक्षों के तर्कों का जवाब देने की बात भी उन्होंने दोहराई। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 बुधवार को निचले सदन लोकसभा में पेश होगा। इस पर चर्चा के लिए स्पीकर ओम बिरला ने 8 घंटे का समय निर्धारित किया है। वक्फ अधिनियम, 1995 में पहली बार संशोधन नहीं किया जा रहा है। इस कानून में 2013 में यूपीए की सरकार के समय भी संशोधन हुए थे। इस बिल पर बहस के लिए सत्ताधारी गठबंधन को 4 घंटे 40 मिनट का समय दिया गया है। लोकसभा में बहस के लिए भाजपा, कांग्रेस, जदयू, टीडीपी समेत पार्टियों ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी कर दिया है।

भारतीय नौसेना ने पश्चिमी हिं[illegible] 2500 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए

संदिग्ध नाव को नियंत्रण में लेकर चालक दल के सद[illegible]

नई दिल्ली, 02 अप्रैल (वेब वार्ता)। पश्चिमी नौसेना कमान के फ्रंटलाइन फ्रिगेट आईएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में एक संदिग्ध नाव पर 2500 किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थों को जब्त किया है।

भारतीय नौसेना ने जनवरी से समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए पश्चिमी हिंद महासागर में आईएनएस तरकश तैनात किया है, जो संयुक्त टास्क फोर्स का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है। बहरीन में चलाया जा रहा यह अभियान संयुक्त समुद्री बलों (सीएमएफ) का हिस्सा है।

भारतीय फ्रंटलाइन फ्रिगेट बहुराष्ट्रीय बलों के संयुक्त फोकस ऑपरेशन %एन्जे़क टाइगर% में भाग ले रहा है। इसी गश्त के दौरान 31 मार्च को भारतीय नौसेना के समुद्री टोही विमान पी-8आई से क्षेत्र में संचालित संदिग्ध जहाजों के बारे में कई इनपुट मिले। ये जहाज मादक पदार्थों की तस्करी सहित अवैध गतिविधियों में शामिल थे।

जवाबी कार्यवाही करने के लिए आईएनएस तरकश ने संदिग्ध जहाजों को रोकने के लिए तत्काल अपना रास्ता बदल दिया। जहाज ने आस-पास के सभी संदिग्ध जहाजों से पूछताछ करने के बाद मुंबई में समुद्री संचालन केंद्र के साथ समन्वित प्रयासों के कारण एक संदिग्ध नाव को रोका।

महादेव सट्टा एप मामले में बघेल पर प्राथमिकी दर्ज

रायपुर, 02 अप्रैल (वेब वार्ता)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने महादेव सट्टा एप मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल समेत 21 आरोपियों के नाम शामिल हैं।

मामले में श्री बघेल को आरोपी बनाया गया है। वह छह नंबर के आरोपी बनाए गए हैं। प्राथमिकी के बाद सीबीआई इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री से पूछताछ कर सकती है। सीबीआई ने हाल ही में देशभर में श्री भूपेश बघेल समेत तमाम आरोपियों के 60 जगहों पर छापेमारी की थी। कई राजनेता, नौकरशाह और पुलिस अधिकारियों के यहां छापेमारी की गई थी। इनमें छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में छापे मारे गए थे। इस दौरान कई राजनेताओं, पुलिस अधिकारियों के परिसरों पर तलाशी लेकर छानबीन की गई थी।

मुंडारी और हो जैसी आदिवासी भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल किये जाने की मांग

नई दिल्ली, 02 अप्रैल (वेब वार्ता)। राज्यसभा में बुधवार को अनेक राज्यों में बोली जाने वाली मुंडारी, हो और भूमिज जैसी आदिवासी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किये जाने की मांग की गयी।

बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा ने शून्यकाल में यह विषय उठाते हुए कहा कि ये भाषाएं अनेक राज्यों के लाखों लोगों द्वारा बोली जाती हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा विधानसभा इस बारे में पहले ही एक प्रस्ताव पारित कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ये भाषाएं देश की विरासत हैं और इनका संरक्षण जरूरी हैं इसलिए इन्हें संविधान की आठवीं अनुसूची में जगह दी जानी चाहिए। कांग्रेस के नीरज डांगी ने वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी की 18 प्रतिशत की दर को कम कर पांच प्रतिशत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे वृद्धजनों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि बढती उम्र में उनकी स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम राशि वैसे ही बढती रहती है। उन्होंने आयुष्मान योजना में 70 वर्ष की उम्र में दिये जाने वाले लाभों के लिए उम्र सीमा 60 वर्ष किये जाने की भी मांग की। आम आदमी पार्टी की स्वाति मालीवाल ने बिना नियम कानूनों के चलाये जा रहे ई रिक्शा के कारण सड़कों पर अराजकता की स्थिति उत्पन्न होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ई रिक्शा के कारण मेट्रो स्टेशनों और बाजारों में जाम लगा रहता है। उन्होंने कहा कि रिक्शा में क्षमता से अधिक आठ से दस लोग बैठाये जाते हैं जिससे इनके पलटने का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि ई रिक्शा चालकों के पास न तो लाइसेंस होता और न ही उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता इसलिए वे खतरनाक तरीके से सड़कों पर चलते हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गंगापुर सिटी में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

मेधावी छात्राओं को वितरित की स्कूटी

जयपुर/गंगापुर सिटी, 2 अप्रैल (का.सं.)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को गंगापुर सिटी के एक दिवसीय दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने होटल द पर्ल, गंगापुर सिटी में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर स्थानीय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में भाग लिया। साथ ही मेधावी छात्राओं को सरकार की कालीबाई भील मेधावी स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्कूटियों का वितरण किया गया।

विभिन्न विकास कार्यों के किये लोकार्पण- उप मुख्यमंत्री ने नोन पेचेबल/मिसिंग लिंक परियोजना अन्तर्गत 245 लाख रूपये की लागत से 8.50 किमी लम्बाई की सड़क निर्माण कार्य, शहरी क्षेत्र के स्वायत्त शासन विभाग के विभिन्न सड़को को 161.50 लाख रूपये की लागत से 2.645 किमी लम्बाई सड़क निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। वहीं जल जीवन मिशन के तहत 495.34 लाख रूपये की लागत से हैंडपम्प से परिवर्तित पाईप्ड जल योजना अलीगंज एवं 365.68 लाख रूपये की लागत से हैंडपम्प से परिवर्तित पाईप्ड जल योजना मालियों की चौकी का लोकार्पण किया। इसी प्रकार 200 लाख रूपये की लागत से शहरी क्षेत्र में स्वायत शासन विभाग की विभिन्न सी.सी. सड़कों का निर्माण कार्य, 800 लाख रूपये की लागत से शहरी क्षेत्र में विभिन्न सी.सी. सड़कों के निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया। 49.50 लाख रूपये की लागत से किसान पथ सम्पर्क सड़क एन.एच. 11बी से बड़ा कुआ ग्राम पंचायत खेडली अन्तर्गत कुंपि उपज मण्डी समिति गंगापुर सिटी, 544.89 लाख रूपये की लागत से राज्य वित्त आयोग षष्ठम के अन्तर्गत 91 कार्य एवं 507.15 लाख रूपये की लागत से केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत 83 कार्य का लोकार्पण किया।

रात्रि चौपाल का आयोजन होगा

सिरोही, 02 अप्रेल। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में अप्रेल माह में विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर रात्रि चौपाल का आयोजन होगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला ने बताया कि रात्रि चौपाल 4 अप्रैल को शिवगंज तहसील के पालड़ी एम में, 8 अप्रैल को रेवदर तहसील के सनवाडा में, 16 अप्रैल को आबूरोड तहसील के धामसरा में, 23 अप्रैल को तहसील सिरोही के भूतगांव में तथा 30 अप्रैल को पिंडवाड़ा तहसील के आपरीखेडा में आयोजित की जाएगी।

नई दिल्ली, 02 अप्रैल (वेब वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र के बौद्धिक पुनर्जागरण के रूप में सराहा

नई दिल्ली, 02 अप्रैल (वेब वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को सराहना करते हुए इसे भारत का बौद्धिक पुनर्जागरण बताया। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा और नवाचार के माध्यम से एक आत्मनिर्भर, विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रधानमंत्री ने बुधवार को एक्स पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि पिछले दशक में भारत के शिक्षा क्षेत्र में किस तरह ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। एनईपी 2020 एक सुधार से कहीं अधिक है; यह भारत का बौद्धिक पुनर्जागरण है, जो शिक्षा और नवाचार के माध्यम से एक आत्मनिर्भर, विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त करता है।

kotak | कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

ऑनलाइन ई-नीलामी संपत्ति की बिक्री

फैक्लिटी कार्यालय: 27 बीकेसी, सी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई-400051

शाखा कार्यालय: महिंद्रा बैंक लिमिटेड- वर्ली ऑनेल, प्लॉट नंबर 7, सेक्टर-25, नोएडा, डेल कैपिटल के पास, यूपी-201313

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

विशेष आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) और 8(6) के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। "एसएएफआई इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (इसके बाद **एसएएफआई** के रूप में संदर्भित)। (जिसे पहले यूएएई इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पक्ष में ऋण के असाइनमेंट के बाद, एसएएफआई इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (इसके बाद **एसएएफआई** के रूप में संदर्भित) के अधिकृत अधिकारी ने 19.07.2024 को सुरक्षित लेनदार को कंपनी / फर्म नीचे वर्णित अचल संपत्ति (इसके बाद सुरक्षित संपत्ति कहा जाता है) का कब्जा ले लिया है। निर्गत रुपए से उपरकर्ता (ओं) और सह-उपारकर्ता(ओं) और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक ने सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत लेख है जाता है, जैसा है, जैसा है, और जो कुछ भी है के आधार पर ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति को बेचने का फैसला किया है ताकि **01.04.2025** को बकाया **रु. 31,90,251 /- (रुपये इकतीस लाख नब्बे हजार दो सौ इक्यावन मात्र)** की वसूली हो सके, साथ ही वसूली तक भविष्य में लागू ब्याज भी लगेगा, ऋण खाता संख्या 6027072105735 60 के तहत; नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **श्री राजेश कुमार खटीक, श्रीमती किरण खटीक, श्री मोहन लाल खटीक और मेसर्स पहाड़िया विलिंग स्टेशन** द्वारा लिया गया ऋण।

विशिष्ट	विवरण
नीलामी की तिथि	16.05.2025
नीलामी का समय	दोपहर 12.00 बजे से 1:00 बजे के बीच 5 मिनट तक अपरिमित विस्तार के साथ
आरक्षित मूल्य	रु.40,20,000/- (केवल चालीस लाख एकसौ हजार रुपये)
बयाना राशि जमा (ईएमडी)	रु.4,05,000/- (केवल चार लाख पांच हजार रुपये)
केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	15.05.2025 को शाम 6:00 बजे तक (प्रथम)
सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण	प्लॉट संख्या 78 वाली संपत्ति का भाग पूरा टुकड़ा राजस्व गांव तिलारड़ी, खसरा संख्या 779 एमई, 781 से 783, 784 एमई, 3401/784, 3402/785, 786, 787, 792 से 797, 834 से 843, 847, उदयपुर, राजस्थान में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1800 वर्ग फीट है। संपत्ति की सीमा इस प्रकार है: पूर्व: संख्या 798।
ऋत भार	शून्य

उपकरकर्ताओं या स्थान सुरक्षित परिसंपत्ति को भुगतने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। विशेष रूप से उपकरकर्ता और आम जनता बुरुध स्थान है कि यदि बिक्री भी कारण से यहां निर्धारित नीलामी विफल हो जाती है, तो सुरक्षित ऋणदाता निजी संधि के माध्यम से बिक्री के माध्यम से सुरक्षा हित लागू कर सकता है। बिक्री के लिए उपलब्ध परिसंपत्तियों के संबंध में विस्तृत जानकारी और शर्तों के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट पर **www.kotak.com** और/या **https://bankauctions.in/** पर दिए गए लिंक **http://www.kotak.com/en/bank-auctions.html** देखें।

अधिक के अधिकारी-सेवर (+91-9152219751) पर संपर्क कर सकते हैं। श्रीनीतिश माहेश्वरन के लिए श्री अखिल सोलंकी (मोबाइल नं. +917302111608) से भी संपर्क कर सकते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट पर **www.kotak.com** और/या **https://bankauctions.in/** पर

स्थान: उदयपुर, दिनांक: 03.04.2025

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के लिए, प्राधिकृत अधिकारी

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, प्लाट सं. 28, विवेकानन्द कॉलोनी के पूर्व की तरफ अहमदाबाद बाय पास, सिरोही से मुद्रित व प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com